
# ऑस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलिया महाद्वीपीय देश है जो पूर्णतः दक्षिणी गोलार्द्धों में स्थित है। इसका क्षेत्रफल 7686 हजार वर्ग किमी. तथा जनसंख्या 26.4 मिलियन (2023) है। औसत जनघनत्व 3 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी. है। ऑस्ट्रेलिया की खोज कैप्टन जेम्स कुक ने 1770 में की थी। ब्रिटिश लोगों ने यहाँ आकर बस्तियाँ बसाया।

## ओशिनिया (OCEANIA)





KHAN SIR






## Australia: Key Facts

- ऑस्ट्रेलिया दक्षिणी गोलार्ध का सबसे बड़ा देश है।
- विश्व का सबसे शुष्क, आबाद महाद्वीप।
- वैश्विक अलगाव और कम उच्चावच इसके विशिष्ट गुण हैं।
- आदिवासी लोग विशाल आउटबैक और ग्रेट डिवाइडिंग रेंज में निवास करते थे। (ज्यादातर विरल आबादी वाले, शिकारी और संग्रहकर्ता)
- ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रमंडल में 6 राज्य और 2 आंतरिक क्षेत्र हैं।




Australia: Political

## Papua New Guinea and New Zealand









Australia: Physiography

मकर रेखा इसके मध्य से होकर गुजरती है। इसके दक्षिण टस्मानिया द्वीप मुख्य स्थल से बास जल संयोजी द्वारा पृथक होता है। ऑस्ट्रेलिया में कोई विशाल पर्वत श्रेणी विस्तृत नहीं है। केवल पूर्वी भाग में ग्रेट डिवाइडिंग रेंज स्थित है जिसकी सर्वोच्च शिखर माउण्ट कोस्युस्को (2230 मी.) है। यहाँ अधिकांशतः यह एक चौरस निम्न भूमि पायी जाती है। धरातल की दृष्टि से इसे तीन विभागों में बाँटा जा सकता है(i) पश्चिमी पठार, (ii) मध्यवर्ती निम्न भूमि, तथा (iii) पूर्वी उच्च भूमि।

पश्चिमी पठार देश के लगभग दो तिहाई क्षेत्र पर विस्तृत है। यह प्राचीन रवेदार शैलों से निर्मित है। इसकी औसत ऊँचाई 365 मीटर मात्र है। इस पठार पर केवल दो नीची श्रेणियाँ मिलती है- पठार के पश्चिमी छोर पर डार्लिंग श्रेणी तथा मध्य में मैकडोनल तथा मुर्गाव श्रेणियाँ है। इन दोनों श्रेणियों के मध्य मरुस्थल विस्तृत हैं। उत्तर में ग्रेट मरुस्थल तथा दक्षिण में विक्टोरिया मरुस्थल स्थित हैं। इस शुष्क मरुस्थलीय प्रदेश को 'नेवर-नेवर' भूमि कहते हैं। पश्चिमी पठार तथा पूर्वी तथा उच्च भूमि के मध्य निम्न भूमि विस्तृत है जो औसत रूप से 150 मीटर से भी कम है। आयर झील में समुद्रतल से भी 12 मीटर नीची है। इस निम्न भूमि में

तीन अपवाह क्षेत्र मिलते हैं- (i) कार्पेण्टरिया निम्न भूमि, (ii) मर्रे-डार्लिंग बेसिन, तथा (iii) आयर बेसिन। आयर बेसिन आंतरिक अपवाह का क्षेत्र है। यह एक विशाल आर्टीजियन बेसिन है। मर्रे-डार्लिंग प्रमुख नदियाँ हैं।

ऑस्ट्रेलिया के भौतिक लक्षणों में सबसे विशिष्ट तत्व मूँगे से निर्मित प्रवालरोधिका (Barrier Reef) है जो 1900 किमी. की लम्बाई में ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट के सहारे स्थल से 30-240 किमी. दूर फैली है। तट एवं रोधिका के मध्य उथला लैगून विस्तृत है।

**जलवायु-** ऑस्ट्रेलिया का अधिकांश भाग उष्ण कटिबंध में स्थित होने के कारण गर्म तथा शुष्क है। पूर्वी उच्च भूमि की बाधा के कारण विमुख ढालों पर अल्प वर्षा होती है। पश्चिमी तट के सहारे ठण्डी धारा बहने के कारण अल्प वर्षा होती है। अतः अधिकांश ऑस्ट्रेलिया शुष्क है। उत्तरी भाग में मानसूनी पवनों से कुछ वर्षा होती है दिसम्बर, जनवरी (ग्रीष्म ऋतु) में विली विली तूफान आते हैं जो भयंकर विनाशकारी होते हैं। दक्षिणी भाग में भूमध्य सागरीय जलवायु मिलती है। टस्मानिया द्वीप पर पछुवा पवनों से वर्ष भर वर्षा होती है।

**प्राकृतिक वनस्पति-** ऑस्ट्रेलिया में पाँच प्रकार की प्राकृतिक वनस्पति मिलती है- (i) उष्ण कटिबंधीय सदापर्णी वन, (ii) शीतोष्ण वन, (iii) उष्ण कटिबंधी घास भूमियाँ, (iv) शीतोष्ण घास भूमियाँ, (डाउंस), तथा (v) मरुस्थली एवं अर्द्ध मरुस्थली।

आस्टेलिया ''न्यू महाद्वीप'' के नाम से जाना जाता है। यूरोपीयनों ने इसे टैरा ऑस्ट्रेलिया इनकॉगनिटा (Terra Australia Incognita) का नाम दिया जिसका अर्थ है-अज्ञात दक्षिणी द्वीप।

1. **उष्ण कटिबंधीय आर्द्र-शुष्क प्रदेश (Tropical Wet-Dry Region)**: इस प्रदेश में उत्तरी ऑस्ट्रेलिया, खाड़ी कारपेंटरिया का तटीय मैदान, यार्क प्रायद्वीप तथा पूर्वी तट शामिल हैं। उत्तरी भाग प्रायः शुष्क रहता है। पूर्वी भाग दक्षिण-पूर्वी व्यापारिक पवनों के अभाव से आर्द्र है। शीतकाल में चक्रवात तथा तूफान सिडनी नगर तक प्रभाव डालते हैं।
2. **भू-मध्य सागरीय प्रदेश (Mediterranean Climatic Region):** इसका पश्चिमी भाग ग्रेट ऑस्ट्रेलियन बाइट के पश्चिम में है तथा पूर्वी भाग पूर्व में है। दक्षिण-पश्चिम में गर्म शुष्क ऋतु होती है। यहां उच्च वायु दाब क्षेत्र होता है।
3. **उपोष्ण कटिबंधीय आर्द्र प्रदेश (Sub-Tropical Humid Region):** यह प्रदेश क्वींसलैंड तथा न्यू साऊथ वेल्स के पूर्वी तट पर स्थित है। यहां ग्रीष्म ऋतु में दक्षिण-पूर्वी आर्द्र व्यापारिक पवनों द्वारा वर्षा होती है। दक्षिण की ओर वर्षा बढ़ती जाती है, परन्तु तापमान कम होता जाता है। स्नॉमी पहाड़ों (Snomy Mountains) पर ऊंचे भागों में हिमपात होता है।
4. **शुष्क प्रदेश (Arid Region):** ऑस्ट्रेलिया का लगभग आधा भाग शुष्क है। इस प्रदेश में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया का पश्चिमी भाग तथा उत्तरी ऑस्ट्रेलिया का कुछ भाग शामिल है। ग्रीष्म ऋतु शुष्क तथा गर्म है। तापांतर में अधिक विभिता है।
5. **स्टेपी जलवायु प्रदेश (The Steppe Climatic Region)**: यह शुष्क प्रदेश दो भागों में बंटा हुआ है। मकर रेखा प्रदेश के उत्तर में तथा दक्षिण में है। यह शुष्क प्रदेश है। ग्रीष्म ऋतु में लम्बे समय तक सूखा रहता है। अधिकतम तापमान $38^{0}C$ तक चला जाता है।
6. **पश्चिमी तट का सागरीय जलवायु प्रदेश (Marine West Coast Climate):** इस प्रदेश में दक्षिणी विक्टोरिया तथा तस्मानिया शामिल है।

## ऑस्ट्रेलिया के राजनैतिक प्रदेश (Western Australlia)

* **Perth:-** पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया की राजधानी जो समुद्र से 19 किमी. की दूरी पर खान नदी के किनारे स्थित है। लौह इस्पात, मोटर गाड़ी, मशीनरी तथा वस्त्र उद्योग के लिए प्रसिद्ध।
* **Freemantle:-** स्वान नदी के मुहाने पर स्थित पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा पत्तन।
* **Kalgoorlle and Collgrardie:-** ये दोनों नगर पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के दक्षिणी भाग में स्थित है। संसार में स्वर्ण खनन का प्रमुख केन्द्र।
* **Pilbara:-** पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के उत्तर पश्चिम में स्थित है जो अपने लौह अयस्क भंडार के लिए प्रसिद्ध है।

## Northern Territory

* **Darwin:-** उत्तरी प्रांत की राजधानी तथा प्रमुख पत्तन उत्तरी तट का जहाँ से लकड़ी अनाज तथा मांस का निर्यात किया जाता है।
  - प्रमुख लौह अयस्क भंडार क्षेत्र है।
  - इसे 'ऑस्ट्रेलिया का द्वार' कहते हैं।
* **Alice Spring:-** उत्तरी प्रांत के दक्षिणी भाग में स्थित जो रेल के द्वारा एडीलेड से जुड़ा है। तेल तथा गैस का विशाल भंडार है।

## South Australia

* **Adelaide:-** St. Vincent Gulf पर स्थित है जो दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया प्रांत की राजधानी है तथा दक्षिणी तट का प्रमुख पत्तन है।
  - Agricultural Industriel, Fruit Canning, Flour Milling Dairy Industries Woolen Textile,

## New South Wales

* **Sydney:-** ऑस्ट्रेलिया का सबसे पुराना तथा बड़ा नगर।
  - प्रशांत तट के निचली पहाड़ियों पर स्थित।
  - न्यूसाउथ वेल्स की राजधानी तथा प्रमुख पत्तन।
  - लौह इस्पात, कागज तथा छपाई और रसायन उद्योग।
  - लेडजिंक तथा चांदी खनन।
* **New Castle:-** प्रशांत महासागर के तट पर सिडनी के दक्षिण में स्थित।
  - यह एक सागर पत्तन तथा औद्योगिक नगर है।
  - लौह इस्पात, जहाज, अलौह धातु तथा वस्त्र उद्योग।
* **Broken Hill:-** पश्चिम में स्थित जो लेड जिंक तथा चांदी खनन क्षेत्र है।

## Queensland

* **Brisbane:-** Ipswich Coal Field के निकट स्थित।
  - क्विन्सलैण्ड की राजधानी तथा प्रमुख बंदरगाह।
  - लोकोमोटिव, मशीनरी, तथा प्रसंस्कृत योजन।

* **Ipswich:-** लिग्नाइट तथा बिटमिनस कोयला खनन क्षेत्र।
* **Mount Isa:-** लेड तथा जिंक खनन का प्रमुख केन्द्र।
* **Weipa:-** बॉक्साइट भंडार के लिए प्रसिद्ध।

## Victoria

* **Melbourne:-** विक्टोरिया की राजधानी जो देश का दूसरा बड़ा नगर है तथा ऑस्ट्रेलिया की भूतपूर्व राजधानी है।
  – यहाँ महत्वपूर्ण उद्योग विकसित है जिनका आधार Gippsland का लिगनाइट कोयला तथा स्नोवी नदी का जल विद्युत परियोजना है।
  – रसायन उद्योग, पोतनिर्माण, वायुयान, इंजिनियरिंग तथा रेलवे उपकरण और मोटर गाड़ी प्रमुख उद्योग है।
* **Gippsland:-** लिग्नाइट तथा उप बिटुमिनस कोयला खनन क्षेत्र।
  – ऑस्ट्रेलिया की राजधानी से लगा क्षेत्र।
* **Canberra:-** सिडनी के दक्षिण में स्थित ऑस्ट्रेलिया की राजधानी है।
  – यह प्रमुख प्रशासनिक नगर।

## Tasmania

* **Hobart:-** ऑस्ट्रेलिया का दक्षिणतम नगर जो तस्मानिया की राजधानी है।
  – यह एक पत्तन है जो सेब के मौसम में काफी सक्रिय रहता है। यहाँ खाद्य प्रसंस्सकरण प्रमुख उद्योग है।

## Newzealand

* **Wellingation:-** उत्तरी द्वीप के दक्षिणतम बिन्दु पर स्थित है।
  – देश की राजधानी जो विश्व का दक्षिणतम राजधानी नगर है।
  – कुक जलसंधि पर स्थित प्रमुख पत्तन।
  – मवेशी पालन तथा दुग्ध उत्पादन प्रमुख आर्थिक क्रिया है।
* **Auckland:-** देश का सबसे बड़ा नगर जो उत्तरी द्वीप के तट पर स्थित सबसे बड़ा पत्तन है।
  – न्यूजीलैण्ड में अत्यधिक जनसंख्या वाला नगरीकृत केन्द्र।
* **Christ Church:-** दक्षिणी द्वीप का प्रमुख औद्योगिक नगर।

## ऑस्ट्रेलिया की झीलें


* **Eyre Lake:-** दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया में फ्रलीन्डर्स की पहाड़ियों के उत्तर स्थित खारे जल की झील जो सागर तल से 12 मी नीचे है। यह ऑस्ट्रेलिया का सबसे गहरा बिन्दु तथा ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी झील है।
* **Taupo Lake:-** न्यूजीलैण्ड के उत्तरी द्वीप के मध्यवर्ती भाग में स्थित झील जो न्यूजीलैण्ड की सबसे बड़ी झील है।
* **Disappfiontrnent Lake:-** पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी-मध्यवर्ती भाग में मकर रेखा पर ग्रेट सैण्डी मरुस्थल में स्थित एक शुष्क नमकीन झील।
* **Mackay Lake:-** पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया तथा उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के सीमा पर, मकर रेखा के उत्तर ग्रेट सैण्डी डेजर्ट में स्थित झील जो शुष्क नमकीन झील है।

## ऑस्ट्रेलिया की नदी

* **Darling River:-** ऑस्ट्रेलिया में क्वीन्सलैण्ड के दक्षिण तथा न्यू साउथ वेल्स के उत्तर-पश्चिम में प्रवाहित होने वाली नदी जो ग्रेट डिवाइडिंग रेंज तथा डार्लिंग बेसिन में निकलकर बेण्टवर्थ नगर के पास मर्रे नदी से मिल जाती है।
* **Fitzroy River:-** पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के ग्रेट सैण्डी मरुस्थल के उत्तर तथा King Leopold Range के दक्षिण बहने वाली नदी जो King Sound की खाड़ी में गिरती है।
* **Murrumbidgee River:-** ग्रेट डिवाइडिंग रेंज से निकलकर न्यूसाउथ वेल्स में प्रवाहित हो मर्रे नदीं में मिलती है।
* **Murray River:-** पूर्वी विक्टोरिया के Kosciusco plateau से निकलकर विक्टोरिया तथा न्यूसाउथवेल्स की सीमा के सहारे प्रवाहित होती Alexandria Lake से बहती एनफाउण्टर की खाड़ी में गिरती है। डार्लिंग तथा मुरुम्बिजिगी उसकी सहायक नदियाँ हैं।

## ऑस्ट्रेलिया की पर्वत श्रेणियां

* **Flinders Range:-** दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया में स्पेन्सर की खाड़ी के शीर्ष से उत्तर फैली पर्वत श्रेणी जो **ब्लॉक पर्वत** का उदाहरण है।
* **Great Dividing Range:-** ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट पर क्वीन्स लैण्ड, न्यूसाउथ वेल्स तथा विक्टोरिया राज्यों में फैली पर्वत श्रेणी जिसकी सर्वोच्च चोटी Mount Koseiusko है।
* **Mac Donell Range:-** उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के दक्षिणी भाग में स्थित पश्चिम से पूरब दिशा में फैली पर्वत श्रेणी।
* **Robinson Range:-** पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के पश्चिमी भाग में पूरब-पश्चिमी दिशा में फैली पर्वत श्रेणी।
* **Sa Mruntain:-** क्वीन्सलैण्ड में स्थित पर्वतश्रेणी।
* **Snowy Mountain:-** विक्टोरिया तथा न्यू साउथ वेल्स के दक्षिण-पूर्वी भाग में ऑस्ट्रेलियई आल्पस की एक श्रेणी जहाँ महत्वपूर्ण जलविद्युत उर्जा संयंत्र स्थापित है।
* **Southern Alps:-** न्यूजीलैण्ड के दक्षिणी द्वीप के मध्यवर्ती भाग में स्थित पर्वत जिसकी सर्वोच्च चोटी माउन्ट कुक है।
* **Hamersley Range:-** पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया उत्तर-पश्चिम स्थित पर्वत जिसकी सर्वोच्च चोटी Mount Bruce है।
* **Barkly Table Land:-** ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी प्रांत के पूर्वी भाग में एक पठारी क्षेत्र जहाँ पशुपालन होता है।
* **Barrier Range:-** इसे मेन बैरियर श्रेणी या स्टैनली श्रेणी कहा जाता है। न्यू साउथ वेल्स के पश्चिम एक श्रेणी जहाँ सीसा, चांदी तथा जस्ता का निक्षेप पाया जाता है।
* **Broken Hill:-** न्यू साउथ वेल्स के पश्चिम एक खनन नगर जो Adelaide से उत्तर पूरब अर्धशुष्क क्षेत्र में स्थित है। यहाँ सीसा, जस्ता तथा चांदी का निक्षेप मिलता है।
* **Mount Gold worthy:-** ये पर्वत पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में स्थित है जो लौह अयस्क क्षेत्र के रूप में प्रसिद्ध है।
* **Australian Alps:-** यह श्रेणी न्यू साउथ वेल्स के दक्षिण पूर्व में स्थित है।



New Zealand: Physical

* **Mount ISA:-** यह क्वीन्स लैण्ड के उत्तरी प्रदेश में है तांबे और जस्ता का वृहद् केन्द्र है।
* **Mount Egmont:-** यह उत्तरी द्वीप के दक्षिणी भाग में है। यह शांत ज्वालामुखी का उदाहरण है।
* **The western Plateau Regions:-** यह ऑस्ट्रेलिया का वृहद् पठारी प्रदेश है। इस क्षेत्र में Great Gibson deert और Great Victoria desert स्थित (मकर रेखा)।
* **Kalgoorlie & Coolgradie:-** सोने की खान वाले नगर जो पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में पर्थ से रेलमार्ग द्वारा जुड़ा है।

## Bay/Gulf/Bight

* **Tasman Bay:-** यह ऑस्ट्रेलिया में तस्मान सागर में स्थित खाड़ी है जो न्यूजीलैण्ड के दक्षिणी द्वीप के उत्तरी भाग में है।
* **Geography Bay:-** यह खाड़ी ऑस्ट्रेलिया महादेश के पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया प्रांत के पश्चिमी तट पर पर्थ नगर के दक्षिण है। यह हिन्द महासागर की उपखाड़ी (Inlet) है।
* **Gulf of Spencer:-** दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया में योर्क प्रायद्वीप तथा ईरी प्रायद्वीप के मध्य स्थित खाड़ी है।
* **Canterbury Bight:-** यह खाड़ी प्रशांत महासागर का भाग है जो न्यूजीलैण्ड के दक्षिणी द्वीप में स्थित कैन्टरवरी मैदान के पूर्व में है।
* **Great Australian Bight:-** यह खाड़ी ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप के दक्षिणी तट पर पश्चिमी व दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया के पास हैं यह खाड़ी हिन्द महासागर का भाग है।

## Strait

* **Bass Strait:-** यह जलसंधि हिन्दमहासागर तथा तस्मान सागर को जोड़ती है। यह ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण-पूर्वी प्रांत विक्टोरिया तथा तस्मानिया को अलग करती है।
  - इसका पता सन् 1798 ई में ब्रिटिश सर्जन तथा नाविक जार्ज बास ने लगाया था।
* **Cook Strait:-** इसे Raukawa भी कहा जाता है इसकी खोज 1770 ई. में कैप्टन क्रुक द्वारा की गई। यह जलसंधि तस्मान सागर को प्रशांत महासागर हो जोड़ती है तथा यह न्यूजीलैण्ड के उत्तरी द्वीप तथा दक्षिणी द्वीप को अलग करती है।
* **Torres Strait:-** यह जलसंधि अराफुरा सागर तथा कोरल सागर को जोड़ती है और ऑस्ट्रेलिया के केपयार्क (Capeyork) को पापुआ न्यूगिनी से अलग करती है।
  - इसका पता सन् 1606 ई. में स्पेन के नाविक Torres महोदय ने लगाया था।

## ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख मरूस्थल

* **Gibson Desert:-** पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में वृहद सैण्डी मरुस्थल के दक्षिण स्थित मरुस्थल/इसमें नमकीन पायी जाती है।
* **Tanami Desert:-** उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में $20^0$ दक्षिणी अक्षांश पर स्थित एक शुष्क मरुस्थल।
* **Great Sandy Desert:-** पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में मकर रेखा के उत्तर तथा किम्बरले पठार के दक्षिण शुष्क पठार।
* **Great Victoria Desert:-** पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण-पूर्वी भाग तथा दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया के पश्चिम में स्थित मरुस्थल। इसकी ढाल दक्षिण Nullarbor Plain की तरफ है।

### प्रमुख तथ्य

- ऑस्ट्रेलिया के 4 प्रतिशत भूभाग पर ही कृषि कार्य होता है।
- इसकी अधिकतर जनसंख्या पूर्वी और दक्षिण पूर्वी भागों में रहती है।
- न्यूजीलैण्ड, ऑस्ट्रेलिया मेलानेशिया पोलीनेशिया एवं माइक्रोनेशिया को मिलाकर ओशेनिया कहा जाता है।
- युकेलिप्टस की जारी एवं कारी किस्मों से इमारती लकड़ी प्राप्त होती है।
- न्यूसाउथ वेल्स तथा पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया गेहूं के प्रमुख उत्पादक राज्य है।
- गन्न, कपास एवं तम्बाकू क्वींसलैण्ड में प्रमुखता से उपजाया जाता है।
- ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तथा दक्षिण-पूर्वी क्षेत्रों में दुधारू पशुओं को पाला जाता है।
- ऑस्ट्रेलियन अंतर्महाद्वीपय रेलमार्ग सिडनी से पर्थ को जोड़ता है। इस मार्ग के महत्वपूर्ण स्टेशन ब्रोकेन हिल, पीट्सबर्ग, पोर्ट अगस्टा, कालगूर्ली, कूलगार्डी है।
- ऑस्ट्रेलिया के महत्वपूर्ण सड़क मार्ग को 'कामनवेल्थ राजमार्ग' के नाम से जाना जाता है।

KGS IAS KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR